एक पेड़ माँ के नाम अभियान पर्यावरण... पृष्ठ 2 | राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम.. पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स



।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559
नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।


बुधवार, 14 अगस्त 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 303, पृष्ठ 06, मूल्य 2 रुपए

## राष्ट्रीय स्तर के निर्यात सुविधा केन्द्र और उद्यमिता प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना से छत्तीसगढ़ के विकास को मिलेगी गति : मुख्यमंत्री



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और उद्योग मंत्री श्री लखन लाल देवांगन की उपस्थिति में आज छत्तीसगढ़ में भारतीय विदेश व्यापार संस्थान कोलकाता (आई आई एफ टी) के निर्यात सुविधा केंद्र और भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। भारतीय विदेश व्यापार संस्थान के सुविधा केंद्र के छत्तीसगढ़ में स्थापित होने से छत्तीसगढ़ से निर्यात करने वाले व्यवसायियों को मार्गदर्शन मिल सकेगा। राज्य से निर्यात गतिविधियां बढ़ेंगी। निर्यात की जाने वाली वस्तुओं, उत्पादों के सर्टिफिकेशन, बाजार की जानकारी और किस कीमत पर एक्सपोर्ट किया जाना है इस संबंध में निर्यात करने वाले उद्यमियों को मार्गदर्शन मिलेगा। इसके साथ ही भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के छत्तीसगढ़ में स्थापित होने वाले प्रशिक्षण केंद्र से प्रदेश के युवाओं को उद्यमिता विकास का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रदेश में राष्ट्रीय स्तर के इन दो केंद्रों की स्थापना से प्रदेश व्यावसायिक और वाणिज्यिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ खनिज संसाधन और वन संपदा की दृष्टि से एक संपन्न राज्य है। यहां की धरती उर्वरा है। राज्य सरकार की मंशा है कि छत्तीसगढ़ में अधिक से अधिक उद्योग धंधे स्थापित हों, वाणिज्य और व्यापार बढ़े ताकि हमारे पढ़े-लिखे अधिक से अधिक बेटा-बेटियों को रोजगार मिल सके। पढ़े-लिखे युवाओं को उद्योग धंधों से जोड़ने की आवश्यकता है। हमारे युवा उद्यमिता की ओर कदम बढ़ाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्यात छत्तीसगढ़ में निर्यात सुविधा केंद्र की स्थापना से छत्तीसगढ़ के उत्पादों का विदेशों में निर्यात बढ़ेगा और उद्यमिता प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना से हमारे युवा उद्योगों की स्थापना और वर्तमान उद्योगों को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित होंगे और इसके लिए सक्षम बनेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का संकल्प लिया है। छत्तीसगढ़ में भी हम विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए विजन डाक्यूमेंट तैयार कर रहे हैं। अपने राज्य में उद्योग और व्यापार को बढ़ाने के लिए राज्य सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज जिन राष्ट्रीय संस्थानों के साथ एमओयू हुआ है, उनके यहां आना छत्तीसगढ़ के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उद्योग मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि छत्तीसगढ़ में नए-नए उद्योग धंधों और व्यापार की गतिविधियां फलें-फूलें इससे अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। युवाओं को यह जानकारी मिल सकेगी कि कैसे अपना उद्योग बढ़ा सकें, कैसे विदेश में व्यापार किया जा सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य में अधिक से अधिक उद्योगों की स्थापना के लिए सक्रिय प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य सरकार की मंशा है कि छत्तीसगढ़ की उद्योगों के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान बने। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ के विकास के लिए तेजी से निर्णय लिए हैं। काफी कम समय में मोदी जी की गारंटियां पूरी की गई हैं। भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईटीएफ) का सुविधा केंद्र छत्तीसगढ़ में स्थापित करने के लिए किए गए एमओयू पर राज्य सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के सचिव श्री अंकित आनंद और आईआईएफ्टी कोलकाता के हेड डॉ. के. रंगराजन ने और भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद (ईडीआईआई) के प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना के लिए ईडीआईआई के डायरेक्टर जनरल डॉ. सुनील शुक्ला ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। भारतीय विदेश व्यापार संस्थान को सुविधा केंद्र संचालित करने के लिए राज्य सरकार उद्योग भवन, रायपुर में स्थान तथा तीन वर्ष की अवधि में लगभग 75 लाख रुपए की राशि उपलब्ध कराएगी। इसी तरह भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद (ईडीआईआई) के प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना के लिए राज्य सरकार स्थान तथा लगभग सवा तीन करोड़ रुपए की राशि उपलब्ध कराएगी।

## सर्व सनातन हिन्दू समाज द्वारा प्रदेश स्तरीय उग्र आक्रोश रैली प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री व कलेक्टर को दिया जायेगा ज्ञापन



**राजनांदगांव (नांदगांव टाईम्स)।** सर्व सनातन हिन्दू समाज द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय उग्र आक्रोश रैली प्रदर्शन शहीद चौक में किया जायेगा। सनातन धर्म महासभा के प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक ने बताया कि उक्त रैली 14 अगस्त को दोपहर 2:00 बजे शहीद चौक रेल्वे स्टेशन से दुर्ग व रायपुर में तेलीबांधा तालाब से शाम 5 बजे से होगा । छ.ग. प्रदेश अध्यक्ष ने संतोष पटाक ने बताया कि बांग्लादेश में निर्दोष हिन्दू बच्चियों, महिलाओं पर हुए वीभत्स अत्याचार, बलत्कार एवं नरसंहार के विरोध में यह रैली समस्त सर्व सनातन हिन्दू समाज को सुरक्षा प्रदान करने और अत्याचारों को कठोर दण्ड देने और पूरे भारत देश सहित व विश्व में समस्त सनातनी हिन्दूओं को सुरक्षा प्रदान करने हेतु की गई है तत्पश्चात बांग्लादेश में मृत्य हिन्दूओं को श्रद्धांजली प्रदान की जायेगी, साथ ही आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रधानमंत्री के नाम व कलेक्टर महोदय के नाम ज्ञापन भी दिया जायेगा। सनातन धर्म महासभा के प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक ने छ.ग. प्रदेश के सभी सनातनी बंधुओं व सभी हिन्दू संगठनों से इस आक्र ेाश रैली प्रदर्शन में ज्यादा से ज्यादा संख्या में प्रदेश के सभी पदाधिकारी को ज्यादा संख्या में पहुंचकर सनातन विरोधियों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिये उग्र आक्रोश रैली में पहुंचकर एक सनातनी हिन्दू होने का परिचय देते हुए हिन्दू एकता का परिचय दें। उक्त रैली में छ.ग. के सभी हिन्दू संगठनों के प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित होंगे। आपकी सनातनी बंधुओं की यह उपस्थिति केन्द्र सरकार और विदेश सरकारों को सोचने पर विवश कर देगी। अत: छ.ग. प्रदेश के सभी सनातनी बंधु व सर्व हिन्दू समाज उक्त आक्र ेाश रैली में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर सनातन विरोधियों को मुंहतोड़ जवाब दें।

## स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करेंगी मुर्मु



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 78 वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर बुधवार को राष्ट्र को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति का संबोधन आकाशवाणी के संपूर्ण राष्ट्रीय नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। दूरदर्शन के सभी चैनलों पर भी हिंदी और उसके बाद अंग्रेजी में इसका प्रसारण किया जायेगा। दूरदर्शन पर हिंदी और अंग्रेजी में संबोधन के प्रसारण के बाद क्षेत्रीय चैनलों द्वारा क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण किया जाएगा।

## मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने दो अतिरिक्त जजों को दिलाई शपथ

**रायपुर।** मुख्य न्यायाधीश श्री रमेश सिन्हा ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर में आज श्री बिभु दत्त गुरू तथा श्री अमितेन्द्र किशोर प्रसाद



को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर के अतिरिक्त जज के रूप में शपथ दिलाई। उल्लेखनीय है कि विधि एवं विधायी कार्य विभाग, नई दिल्ली द्वारा 12 अगस्त 2024 को उक्त नियुक्ति के संबंध में अधिसूचना जारी की गयी थी। शपथ ग्रहण समारोह में महाधिवक्ता श्री प्रफुल्ल एन. भारत, उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री उमाकांत सिंह चंदेल व डिप्टी सॉलीसिटर जनरल श्री रमाकांत मिश्रा ने उक्त नवनियुक्त न्यायमूर्तियों के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्तागण, बार एसोसिएशन के पदाधिकारीगण, अधिवक्तागण, रजिस्ट्रार जनरल व न्यायिक अधिकारीगण, ज्यूडिशियल एकेडमी के न्यायिक अधिकारीगण, रजिस्ट्री के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने संवेदनशीलता पूर्वक जनदर्शन में जनसामान्य की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी



**राजनांदगांव (नांदगांव टाईम्स)।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज मंगलवार को जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में पहुंचे ग्रामीणों एवं जनसामान्य से मुलाकात कर उनकी समस्याएं एवं शिकायतें संवेदनशीलता पूर्वक सुनी। जिले के ग्रामीणजन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में निराकरण करने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने अधिकारियों को जनदर्शन में शासन की योजनाओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करते हुए हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।जनदर्शन में राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम बुंदेली खुर्द के रामनाथ साहू ने श्रमकार्ड नवीनीकरण के लिए आवेदन किया। कलेक्टर ने इस आवेदन पर संज्ञान लेते हुए श्रम अधिकारी को निराकरण के लिए निर्देशित किया। डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम कटली निवासी दिव्यांग श्री मनोज कुमार यदु, डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम तेन्दुनाला निवासी लोमिन बाई साहू ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास स्वीकृति के लिए आवेदन किया। घुमका तहसील के ग्राम मुरमुंदा के किसान श्री रमेशर यादव ने रकबा संशोधन के लिए आवेदन किया। पोस्ट मैट्रिक छात्रावास नंदई चौक के विद्यार्थियों ने छात्रावास में आ रही समस्याओं के संबंध में आवेदन किया। कुमरदा तहसील के ग्राम खुर्सीटिकुल के किसान श्रीमती बारोबाई ने नक्शा बंटाकन के लिए आवेदन किया। इसी तरह जनदर्शन में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना की राशि दिलाने, विद्युत कनेक्शन, आवासीय भूमि पट्टा का नामांतरण, महतारी वंदन योजना से लाभान्वित करने, खसरा एवं रकबा संशोधन, नक्शा बंटाकन, नकल उपलब्ध कराने, विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में निराकरण करने के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी श्री आयुष जैन, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर श्री खेमलाल वर्मा, एसडीएम राजनांदगांव श्री अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ श्री मनोज मरकाम, एसडीएम डोंगरगांव श्री श्रीकांत कोर्राम सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## श्री शिवमहापुराण कथा व महारुद्राभिषेक की हुई विदाई





**साल्हेवारा (नांदगांव टाईम्स)।** पवित्र श्रावण मास के अवसर पर आयोजित श्री शिव महापुराण एवं सामूहिक रुद्राभिषेक का आयोजन हरिहर समिति एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा ग्राम साल्हेवारा में किया गया था जिसका विश्राम हुआ ... कथा व्यास आचार्य पंडित सूरज उपाध्याय जी महराज सहसपुर साल्हेवरा ने कहा की यह आयोजन विश्व कल्याण जन कल्याण की भावना को लेकर किया गया । विशेष रूप से द्वादश ज्योतिर्लिंग की कथा श्रवणपान महराज जी द्वारा की गई । पं. श्री मनहारन तिवारी जी , रविंद्र तिवारी जी , रविंद्र शर्मा जी शंकर पांडे जी, नरेंद्र मिश्रा जी वैदिक ब्राह्मणों द्वारा शिव जी का रुद्राभिषेक किया गया। सभी श्रद्धालुओं ने हर्षोल्लास से इस दिव्य महोत्सव का आनंद लिया। मनोज अग्रवाल, दिलीप शुक्ला ,प्रेम जेंघेल , मोहित रजक, नोहर भाई ने यजमानों की भूमिका निभाई। इस आयोजन में ग्यारह सौ रुद्राक्ष का वितरण भी किया गया।

## थाली से गायब हो रही सब्जियां

धीरज तिवारी



**रायपुर।** बांग्लादेश में हिंसा और तख्तापलट से कारोबार पूरी तरह ठप है। वहां प्याज का पूरा स्टॉक खत्म हो गया है। ऐसे में अब भारतीय व्यापारी बांग्लादेश में 100 रुपए प्रति किलो के हिसाब से प्याज का निर्यात कर रहे हैं। मुनाफाखोरी से भारत में भी प्याज के दाम दोगुने हो गए हैं। छत्तीसगढ़ में प्याज 50 से 60 रुपए किलो और लहसुन 220 रुपए किलो बिक रहा है। वहीं, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने राज्य से आलू के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस वजह से आलू भी करीब 2 महीने से 40 से 50 रुपए प्रति किलो बिक रहा है। छत्तीसगढ़ में आलू और प्याज दोनों ही सब्जी के लिए महत्वपूर्ण हैं, लेकिन दोनों ही सब्जियां आम लोगों की पहुंच से थोड़ी दूर हैं। डबल रेट में खरीदना पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ में त्योहारी सीजन शुरू हो गया है। लिहाजा कीमतें नहीं घटी तो त्योहार का जायका फीका पड़ सकता है। आने वाले कुछ समय में कीमतों में सुधार की संभावना बहुत कम है। छत्तीसगढ़ में रोज प्याज की औसतन 50 से 55 गाड़ियां आती हैं। एक गाड़ी में 25 से 30 टन प्याज लोड होती है।


स्वतंत्रता दिवस समारोह

## विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे ध्वजारोहण



**राजनांदगांव (नांदगांव टाईम्स)।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन शौर्य परेड मैदान पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय राजनांदगांव में आयोजित किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। विधानसभा अध्यक्ष 15 अगस्त 2024 को सुबह 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे। डॉ. रमन सिंह ध्वजारोहण के बाद परेड की सलामी लेंगे, परेड का निरीक्षण एवं मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे। कार्यक्रम में पीटी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों एवं पीटी व सांस्कृतिक कार्यक्रम के विजेताओं को पुरस्कार वितरण भी करेंगे।

## नगर निगम का अतिक्रमण तोड़ू दस्ता ने अग्रसेन भवन के पीछे बना स्टक्चर तोड़ा







**राजनांदगांव (नांदगांव टाईम्स)।** नगर निगम सीमांतर्गत अवैध निर्माण एवं शासकीय भूमि पर हो रहे अतिक्रमण पर प्रभावी रूप से रोकथाम करने के लिये निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने नगर निगम में अतिक्रमण दस्ता (तोडू दस्ता) का गठन किया है। गठित दल निगम सीमाक्षेत्र में अवैध रूप से किये गये अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही करते है। इसी कडी में आज अग्रसेन भवन के पीछे गली में अतिक्रमण कर बनाये गये बाथरूम को तोडने की कार्यवाही किये।

अतिक्रमण के संबंध में आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि पुराना बस स्टैण्ड के पास स्थित अग्रसेन भवन के पीछे गली की शासकीय भूमि में श्री सलीम खान द्वारा स्ट्रक्चर खडाकर बाथरूम का निर्माण किया गया था, जिसे तोडने नगर निगम के नजुल शाखा ने नोटिस दिया था, नोटिस उपरांत भी श्री खान ने बाथरूम नहीं तोड़ा, जिसपर कार्यवाही करते हुये आज नगर निगम के अतिक्रमण तोड् दस्ता द्वारा जे.सी.बी. के माध्यम से तोडने की कार्यवाही की गयी। उन्होंने अतिक्रमण दस्ता से कहा कि शहर में जहाॅ जहाॅ पर अतिक्रमण किया जा रहा है, उन्हे तत्काल नोटिस देकर हटाया जाये और संबंधित के विरूद्ध निगम प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाये। अतिक्रमण हटाने के दौरान उप अभियंता श्री अनूप पाण्डे, समयपाल श्री चिराग मेश्राम, प्र.पटवारी श्री मिलीन्द रेड्डी व श्री गणेश झा सहित निगम अमला उपस्थित था।

# एक पेड़ माँ के नाम अभियान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सशक्त प्रयास एवं व्यापक अवधारणा - कलेक्टर

## 14 अगस्त को सुबह 7.30 बजे से स्वतंत्रता दौड़ तथा हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत तिरंगा रैली का आयोजन, जनचौपाल में समस्याओं का समाधान होने से जनसामान्य के जीवन में आता है सकारात्मक परिवर्तन

**स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, राजस्व एवं पंचायत विभाग की टीम के सामूहिक प्रयासों से डायरिया के केस में आयी कमी**

**जल, स्वच्छता एवं फसल संगोष्ठी की प्रदेश स्तर पर प्रशंसा**

**पोट्ठ लईका पहल अभियान अंतर्गत व्यवहार परिवर्तन के माध्यम से आया सकारात्मक बदलाव**



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाईम्स )।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह की तैयारी के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 14 अगस्त को सुबह 7.30 बजे से स्वतंत्रता दौड़ तथा हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत तिरंगा रैली का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सभी उपस्थित रहेंगे। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जनदर्शन, पीजी पोर्टल, पीजीएन जनशिकायत एवं कलेक्टर जनचौपाल तथा जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर के लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की तथा शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण होना चाहिए। पीजी पोर्टल, पीजीएन जनशिकायत सहित अन्य जनचौपाल के प्रकरणों के माध्यम से जनसामान्य के हित में समस्याओं का समाधान होने से उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है। उन्होंने गंभीरतापूर्वक प्रकरणों का निराकरण करने के लिए कहा। कलेक्टर ने कहा कि जिले में डायरिया के केस में कमी आयी है, शिविर लगाकर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कार्य किया है। स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, राजस्व एवं पंचायत विभाग की टीम के सामूहिक प्रयासों, समन्वय तथा सही रणनीति के साथ कार्य करने से डायरिया के केस में कमी आयी है। उन्होंने जिले में इस सप्ताह 4 हजार आयुष्मान कार्ड बनने पर प्रशंसा की। कलेक्टर ने कहा कि मिशन जल रक्षा अंतर्गत जिले में भू-जल स्तर में कमी आने के लिए किए जा रहे प्रयासों के लिए प्रदेश स्तर पर प्रशंसा की गई है तथा अन्य जिलों में इसे अपनाने के निर्देश दिए गए हैं। जिले में जल, स्वच्छता एवं फसल संगोष्ठी के लिए अच्छा कार्य किया जा रहा है तथा एक समग्र अवधारणा के तहत रबी फसल अंतर्गत धान के बदले अन्य फसल एवं फसल परिवर्तन के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। जल संरक्षण एवं पौधरोपण के लिए जनसहभागिता से जिले में जो कार्य किया जा रहा है, इसका लाभ आने वाली पीढ़ी को मिलेगा। उन्होंने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम सिर्फपौधरोपण का कार्य नहीं, बल्कि पर्यावरण के संरक्षण की दिशा में किया जा रहा एक सशक्त प्रयास एवं व्यापक अवधारणा है। इसमें पौधरोपण करते हुए सभी अपनी सहभागिता निभायें। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि शासन द्वारा युक्तियुक्तकरण से संबंधित निर्देश प्राप्त हुआ है। जिसके अंतर्गत जिला एवं विकासखंड अंतर्गत समिति का गठन किया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं शिक्षा के अधिकार 2009 के अनुरूप स्कूलों में शिक्षकों की उपलब्धता, बच्चों की दर्ज संख्या के अनुपात में शालाओं एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण करने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। उन्होंने युक्तियुक्तकरण के संबंध में प्रमाण पत्र प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पोट्ठ लईका पहल अभियान अंतर्गत व्यवहार परिवर्तन के माध्यम से एक सकारात्मक बदलाव आया है। ऐसे गंभीर कुपोषित बच्चे जिनका वजन अभी भी कम है, उनके घर भ्रमण कर उन्हें आहार, दवाईयां देने के लिए विशेष प्रयास करने की जरूरत है। आम जनता को शासन की लोकल्याणकारी योजना का लाभ मिले इसके लिए सभी को टीम भावना के साथ कार्य करने की जरूरत है। जल रक्षा मिशन, पोट्ठ लईका पहल तथा जिले में स्मार्ट टीवी एवं संपर्क डिवाईस के माध्यम से जनसामान्य को लाभान्वित करने के लिए जो पहल की गई है, उसके अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। कलेक्टर ने कहा कि गिरदावरी के साथ ही बटांकन एवं राजस्व संबधी समस्याओं का समाधान करते रहें। दिसम्बर तक त्रुटि सुधार का कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने फसल बीमा कार्य में गति लाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि अवैध शराब पर कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंने सड़क पर बैठने वाले मवेशियों के मालिकों पर कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाने के लिए जनपद सीईओ, सचिव, नगरीय निकाय के अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों से सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएंगी। इस कार्य को लगातार करने के लिए कहा। उन्होंने समाज कल्याण विभाग को गांव-गांव में दिव्यांजनों का सर्वे कर शिविर लगाने के निर्देश दिए।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने बताया कि सड़क पर मवेशियों के बैठने के कारण पंचायतों के द्वारा उनके मालिकों पर जुर्माना लगाया गया है। सड़क चिरचारी में 1000 रूपए, एलबी नगर में 4700 रूपए, मुरमुंदा में 7000 रूपए जुर्माना लगाया गया है। उन्होंने सभी शासकीय कार्यालयों में रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम के कार्यशीलता की जांच करने कहा। उन्होंने कहा कि रैन हार्वेस्टिंग के लिए अधोसंरचना महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि कैच द रैन अभियान अंतर्गत धमतरी एवं राजनांदगांव जिले को मॉडल घोषित किया गया है तथा राजनांदगांव जिले के जल, स्वच्छता एवं फसल संगोष्ठी को अन्य जिलों में भी अपनाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने जिले में संचालित तिरंगा रैली, स्वच्छता, डायरिया की रोकथाम के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी श्री आयुष जैन, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर श्री खेमलाल वर्मा, एसडीएम राजनांदगांव श्री अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ श्री मनोज मरकाम, एसडीएम डोंगरगांव श्री श्रीकांत कोर्राम सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## हरियर अभियान के तहत कृषि उपज मंडी में पौधारोपण



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाईम्स )।** हरियर अभियान के तहत कृषि उपज मंडी डोंगरगांव मंडी परिसर में वृहद पौधारोपण किये गए। कृषि उपज मंडी के अधिकारी कर्मचारी द्वारा विभिन्न प्रजाति के पौधारोपण कर पौधों को ट्रीगार्ड से सुरक्षित भी किया गया पर्यावरण संरक्षण को बनाए रखने के उद्देश्य से सभी कर्मचारियों ने महती जिम्मेदारी निभा रहे हैं। पौधेरोपन में कदंब, पारिजात, अशोक, गुलमोहर, आंवला, करंज व नीम के अलावा विभिन्न प्रजाति के फलदार, छायादार सहित औषधीय पौधों का रोपण कर ट्रीगार्ड से सुरक्षित किया। इस पौधारोपण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कृषि उपज मंडी के सचिव बृजमोहन शर्मा लेखापाल कलेंद्री ठाकुर कैलाश कामड़े दीपक सिंह ठाकुर यशवंत धनगुण नीलम निषाद चमरू यादव धीराजी साहू रेखराम सोनकर योगेश मंडलोई कुलदीप चंद्रवंशी खुमान पटेल रमेश कोसरे अजय साहू उपस्थित थे।

## महिलाओं ने लिया सावन झूला का आनद, विभिन्न खेल कूद का हुआ आयोजन



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाईम्स )।** सावन के महीने में हरियाली अमावस्या के बाद सावन झूला डालने का विशेष महत्व बताया गया है, धार्मिक रूप से भी सावन झूला विशेष महत्व रखता है। इसी कड़ी में नगर के राधिका सखी मंडल की महिलाओं के द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन बीते रविवार को मां बमलेश्वरी उद्यान में किया गया। इस दौरान राधिका सखी मंडल की महिलाओं के द्वारा नगर की अधिष्ठात्री देवी मां बमलेश्वरी मंदिर में सोलह सिंगार अर्पित किया और सुहागन महिलाओं को सुहाग की वस्तुएं भेंट की। इसके साथ ही महिलाओं ने अपने पति के लंबी उम्र की प्रार्थना की। वहीं समीप ही उद्यान में महिलाओं द्वारा विभिन्न खेल कूद, साहित्यिक गतिविधि सहित अन्य आयोजन कराए। साथ ही महिलाओं ने सावन झूला झूलते हुए सावन के गीत गाए। कार्यक्रम के दौरान खेलकूद व अन्य गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को पुरस्कृत किया गया।

## समाज है तो परिवार व धर्म है तो समाज सुरक्षित है- दलेश्वर साहू

**डोंगरगाव( नांदगांव टाईम्स )।** विधान सभा क्षेत्र के ग्राम कोकपुर मे पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण मद से 10 लाख रु की लागत से निर्मित परिक्षेत्रीय साहू संघ के भवन का लोकार्पण स्थानीय विधायक दलेश्वर साहू ने किया। इस अवसर पर उन्होने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि समाज है तो परिवार सुरक्षित है तथा धर्म है तो समाज सुरक्षित है। सबको अपने जीवन मे मिले अवसर को बेहतर करने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला साहू संघ राजनांदगांव के अध्यक्ष भागवत साहू ने सामाजिक संगठन में महिलाओं एवं युवाओं की भागीदारी तय कर समाज को संगठित करने का आव्हान किया। कार्यक्रम को तहसील अध्यक्ष हेमंत साहू ,जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू ,पूर्व जिला महामंत्री अमरनाथ साहू, जिला उपाध्यक्ष मदन साहू, जनपद उपाध्यक्ष सुयश नाहटा ने भी संबोधित किया।

**जिंदगी एक एहसास नामक पुस्तक का विमोचन**



इस अवसर पर ईश्वर साहू व्याख्याता द्वारा लिखित पुस्तक जिंदगी एक एहसास का विधायक दलेश्वर साहू ने विमोचन किया। विधायक साहू ने आगामी लोक मंडई मे प्रकाशित पत्रिका मे ईश्वर साहू के रचना को सम्मलित किए जाने का आश्वासन दिया।

**आदिवासी समाज हेतु भवन निर्माण की घोषणा**

आदिवासी ध्रुव गोंड समाज की महिलाओ की मांग पर आदिवासी भवन निर्माण कराए जाने की घोषणा की। इसके पूर्व परिक्षेत्रीय अध्यक्ष प्यारेलाल साहू व सरपंच ठाकुर राम साहू ने स्वागत भाषण का पठन करते हुए साहू समाज सहित अन्य समाज को बहुप्रतीक्षित मांग हेतु राशि स्वीकृत किए जाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया तथा शौचालय निर्माण व ग्राम मे सीसी रोड निर्माण की मांग की । कार्यक्रम मे श्रीमती जयश्री साहू, पुरुषोत्तम साहू, मोहनीश साहू जनपद सभापति , रमेश साहू, बेलस साहू, शिवराम साहू, रामकुमार साहू, दिनेश्वरी साहू, हेमंत साहू, ईश्वर साहू खिलावन साहू, खेमचंद साहू, तुलाराम साहू कृष्ण कुमार साहू, सरपंच ठाकुर राम साहू, संतोष सिन्हा, बिहारी मंडावी, आदि सहित पंचगण, ग्रामवासी तथा सामाजिकजन सम्मिलित हुए।

## विधायक दलेश्वर साहू ने साहू समाज के भवन का किया लोकार्पण



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाईम्स )।** विकसित समाज व समृद्ध समाज के परिकल्पना को साकार करते हुए विधायक विधानसभा क्षेत्र डोंगरगांव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दलेश्वर साहू,कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अध्यक्ष जनपद पंचायत डोंगरगांव टिकेश साहू,उपाध्यक्ष सुयश नाहटा,सभापति जिला पंचायत राजनांदगांव इंदुमती साहू,सरपंच द्रौपति साहू, चेतन दास साहू, मोहनीश साहू,तहसील अध्यक्ष हेमंत साहू सहित समस्त अतिथियों के द्वारा विभिन्न समाज के सामाजिक भवनों को लोकार्पित करते हुए साहू समाज के भवन का भी भव्य लोकार्पण अपने कर कमलों के माध्यम से अधिकाधिक सामाजिक बंधुओ की गरिमामय उपस्थिति में किया गया।उक्त लोकार्पण कार्यक्रम के सम्मान समारोह को साहू समाज भवन में ग्राम साहू समाज सचिव लविंद्र साव ने संचालन किया।कार्यक्रम में अध्यक्ष ग्राम साहू समाज अर्जुनी भैया लाल साहू,ग्रामीण सचिव लविंद्र साव,देवेंद्र साहू सहित पदाधिकारी गणों ने विधायक दलेश्वर साहू को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए सम्मानित कर सादर आभार ज्ञापित किए। उक्त साहू समाज के लोकार्पण कार्यक्रम में सामाजिक पदाधिकारी गणों के रूप में धन्नू साहू,दिनेश साहू, अलखराम साहू,धर्मेंद्र साहू,महंत देवदास साहू,रमेश साहू,मनसुख साहू,चेतन गुरुजी सहित पार प्रमुखों व महिला पदाधिकारी गणों ने कार्यक्रम को संपन्न करने में अपना सार्थक सहयोग प्रदान की गई है

## गायत्री विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने जीती प्रतियोगिता



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाईम्स )।** गायत्री विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने श्रीरामायण प्रचार समिति द्वारा आयोजित व्याख्यान माला प्रतियोगिता में भाग लेकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। कुल दो वर्गों में आयोजित प्रतियोगिता में कक्षा नवीं से प्रियल राजा एवं कक्षा 12वीं से हर्षिता साहू ने प्रतियोगिता जीती, जिनका विषय रामलक्ष्मण परसुराम संवाद एवं मानस में पतिव्रता धर्म था।

प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न स्कूलों से विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुति दी जिनमें रामचरित मानस के लगभग सभी प्रसंगों का वर्णन बच्चों ने प्रभावी ढंग से किया। शाला की प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर द्वारा विद्यार्थियों की शानदार प्रस्तुति की मुक्तकंठ से प्रशंसा की गई जिसमें उन्होंने रामचरित मानस को जीवन जीने की कला का महत्वपूर्ण साधन कहा और श्रीराम के चरित्र को सर्वोपरि बताया। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, श्री राजेश जैन, सचिव श्री गगन लड्ढा, सहसचिव निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष सूर्यकान्त चितलांग्या, संरक्षक श्री नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी श्री हरीश गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, एकेडमिक प्रभारी श्री अमित उत्तलवार, प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर, उप प्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर, प्रशासक अनिल वाजपेयी एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्रों को शुभकामनाएं दी।

**शुभांक**

**3-5-6**

**568-9 360-0**

**भाग्यांक**

**589-2 269-7**

## गौ रक्षा को लेकर कांग्रेस का गौ-सत्याग्रह जंगी प्रदर्शन 16 को - भागवत साहू



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाईम्स )।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के ग्रामीण जिला अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में 16 अगस्त को गौ- सत्याग्रह किया जाएगा। इसी के साथ भाजपा सरकार के खिलाफ जंगी प्रदर्शन भी किया जाएगा। श्री साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नित भाजपा सरकार पर गौ संरक्षण की दिशा में काम नहीं करने प्रदेश की जनता को संरक्षण अभ्यारण योजना के नाम पर झूठा आश्वासन देने तथा पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की गोधन न्याय योजना को बंद करके जनता को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है। श्री साहू ने आगे कहा कि राज्य की भाजपा सरकार गोधन न्याय योजना बंद करके गोवंशीय पशुओं को सड़क पर बेमौत मरने के लिए छोड़ दिया है। प्रदेशभर में हो रही गायों की मौत तथा खुले मवेशियों के कारण सड़कों में बढ़ रही सड़क दुर्घटनाएं प्रदेश की सबसे बड़ी समस्या बनकर उभरी है। जहां किसान खुली चराई से परेशान हैं, वहीं भाजपा सरकार गाय-भैसों के साथ जनता को सड़कों पर बेमौत मरने के लिए मजबूर कर रही है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी भाजपा सरकार की इस असंवेदनशील कार्यवाही के खिलाफ 16 अगस्त 2024 को प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालय एवं ब्लाक मुख्यालयों में गौ-सत्याग्रह करने का निर्णय लिया है। गौ-सत्याग्रह खुले में घुम रहे मवेशी / पशुओं (गाय-भैंस) को साथ लेकर प्रदेश के सभी जिला कार्यालय तथा ब्लाक मुख्यालयों में अनुविभागीय कार्यालय (एसडीएम) / जनपद/तहसील कार्यालयों के समक्ष जंगी-प्रदर्शन कर छोड़ा जाएगा।


**न्यायालय तहसीलदार मोहला, जिला-मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.)**

-: ईश्तहार :-

रा.मा.क्रं. 202312300500039 अ-19(3) वर्ष 2023-24

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **कार्यालय जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी, राजनांदगांव** के ज्ञापन क्रमांक 1306/स्था./2022 राजनांदगांव दिनांक 06.10.2022 के अनुसार नवगठित जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी में नगर सेनी, अग्निशमन आपातकालीन सेवायें हेतु कार्यालय भवन एवं होमगार्ड लाईन हेतु भूमि खसरा नं. 279 रकबा 1.240 हे. आबंटन हेतु प्रस्तावित है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा-आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय तहसीलदार मोहला के न्यायालय में दिनांक 20.08.2024 को कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर पेश कर सकते है। पश्चात दावा-आपत्ति पर कोई विचार/सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 08.08.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

जी-242501803/2 सील तहसीलदार, मोहला

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कवर्धा जिला- कबीरधाम (छ.ग.)**

**मैनुअल पद्धति निविदा सूचना क्रमांक 02(प्रथम आमंत्रण)**

क्रमांक 1897/निविदा/ग्रा.या.सेवा/2024-25 कबीरधाम, दिनांक 12.08.2024

छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल के ओर से केवल एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत द श्रेणी एवं उच्च वर्ग ठेकेदारों से निम्न दर्शित कार्य हेतु निम्न दर्शित मैनुअल निविदा दिनांक 29.08.2024 तक आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत प्रत्येक कार्य हेतु (रू.लाख में) |
|---|---|---|
| 1. | मिनी स्टेडियम भाग 01<br>विकासखंड कवर्धा अंतर्गत - ग्राम दौजरी, बदराडीह, बैजलपुर<br>विकासखंड बोड़ला अंतर्गत- ग्राम उसरवाही, झलमला, चिल्फी, खैरबना, बेंदरची, जीताटोला, खारा<br>विकासखंड स.लोहारा अंतर्गत- ग्राम सुरजपुरा, बड़ौदाखुर्द | 28.23 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेबपोर्टल http://res.cg.gov.in में अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर दिनांक 14.08.2024 से देखी जा सकती है।

जी - 501814/2

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग
कवर्धा जिला कबीरधाम(छ.ग.)

**न्यायालय नजूल अधिकारी राजनांदगांव (छ.ग.)**

ईश्तहार

रा.मा.क्र. 202408093800011
अ 20 (1) वर्ष 2023-24

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक लक्ष्मी अंदानी ध.प. राजकुमार निवासी लालबाग राजनांदगांव द्वारा नजूल शहर राजनांदगांव के मोहल्ला लालबाग स्थित भूखण्ड क्रमांक 239/4-ख क्षेत्रफल 675 वर्गफुट भूमि शीट क्रमांक में आबंटित नही होने से शीट क्रमांक आबंटित कर निर्धारण पट्टा दिये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त आवेदित भूखण्ड का नजूल जांच शीट आबंटन कर उक्त भूखण्ड का आवेदिका को निर्धारण पट्टा प्रदान किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति पेश करना हो तो वे अपना दावा आपत्ति इस ईश्तहार के जारी दिनांक से 15 दिवस के भीतर न्यायालयीन अवधि में उपस्थित होकर लिखित रूप में पेश कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात् प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 12/08/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

**पेशी दिनांक:- 28/08/2024**

सील नजूल अधिकारी राजनांदगांव

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव, छत्तीसगढ

// ईश्तहार //

कं0/ / प्रवा0-3/अ0वि0अ0 / 2024

राजनांदगांव, दिनांक 08/08/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक. ..(1) ओमप्रकाश गुप्ता पिता स्व0 जगदीश प्रसाद गुप्ता, (2) अंजूलता गुप्ता पति ओमप्रकाश गुप्ता, निवासी मकान नं0 156, वार्ड नं0 08, तहसील खलेसर जिला उमरिया, मध्यप्रदेश के द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम रेवाडीह, पटवारी हल्का नंबर 00037, खसरा नंबर 468/3. रकबा 0.0192 हेक्टेयर के आवासीय प्रयोजन में पुनर्कर निर्धारण किए जाने बाबत आवेदन पत्र / शपथ पत्र/खसरा बी-1/ नक्शा/ऋण पुस्तिका की प्रति/पंजीयन बैनामा / नगर एवं ग्राम निवेश विभाग द्वारा उक्त खसरे पर स्वीकृत अभिन्यास की प्रति के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 22/08/2024 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही

सील नजूल अधिकारी राजनांदगांव

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव, छत्तीसगढ**

// ईश्तहार //

कं0/ / प्रवा0-3/अ0वि0अ0 / 2024

राजनांदगांव, दिनांक 08/08/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक. ..(1) ओमप्रकाश गुप्ता पिता स्व0 जगदीश प्रसाद गुप्ता, (2) अंजूलता गुप्ता पति ओमप्रकाश गुप्ता, निवासी मकान नं0 156, वार्ड नं0 08, तहसील खलेसर जिला उमरिया, मध्यप्रदेश के द्वारा, निज स्वामित्व की भूमि ग्राम रेवाडीह, पटवारी हल्का नंबर 00037, खसरा नंबर 468/5, रकबा 0.2259 हेक्टेयर में से 0.102 हेक्टेयर के आवासीय प्रयोजन में पुनर्कर निर्धारण किए जाने बाबत्ल आवेदन पत्र / शपथ पत्र/ खसरा बी-1/ नक्शा/ऋण पुस्तिका की प्रति/पंजीयन, बैनामा/नगर एवं ग्राम निवेश विभाग द्वारा उक्त खसरे पर स्वीकृत अभिन्यास की प्रति के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 22/08/2024 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 08/08/2014 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

सील अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजनांदगांव

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव, छत्तीसगढ**

// ईश्तहार //

कं0/ / प्रवा0-3/अ0वि0अ0 / 2024

राजनांदगांव, दिनांक 07/08/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक (1) अनिल सोनी, (2) पवन सोनी दोनों के पिता स्व0 रामगोपाल सोनी, निवासी बांसपाई पारा, वार्ड नं0 37. राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव के द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम चिखली, पटवारी हल्का नंबर 00039, खसरा नंबर 124/81, रकबा 0.1270 हेक्टेयर में से 0.104 हेक्टेयर के आवासीय प्रयोजन में पुनर्कर निर्धारण किए जाने बाबत आवेदन पत्र / शपथ पत्र / खसरा बी-1/ नक्शा/ऋण पुस्तिका की प्रति/पंजीयन बैनामा /नगर एवं ग्राम निवेश विभाग द्वारा उक्त खसरे पर स्वीकृत अभिन्यास की प्रति के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 20/08/2024 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 07/08/2014 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

सील अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजनांदगांव

## ज्ञान मंथन

1) देश में छोटे किसानों को परिभाषित किया गया है, वे किसान जिनके पास जोत क्षेत्र है- (1 हेक्टेयर से कम / 1 से 2 हेक्टेयर)

2) आईआर-20 किस फसल की अधिक पैदावार देने वाली किस्म है?

3) एग्मार्क एक्ट भारत में कब लागू किया गया?
(क) 1937 (ख) 1952 (ग) 1957 (घ) 1965

4) राष्ट्रपति का विधिवत् चुनाव सर्वप्रथम मई 1952 में हुआ था। (सही / गलत)

5) किस बैंक का इंटरनेट बैंकिंग सेवा है?

RamaQuiz (Pappu Ganesh )



## उत्तर माला

(1) 1 से 2 हेक्टेयर (2) चावल (3) 1937 (4) सही (5) साउथ इंडियन बैंक

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के तहत 29 अगस्त को बच्चों को खिलाई जाएगी कृमि नियंत्रण दवा

**राजनांदगांव (नांदगांव टाईम्स)।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के तहत 29 अगस्त 2024 को 1 वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों और किशोर-किशोरियों को कृमि नियंत्रण की दवाई (एल्बेंडाजॉल) सभी स्कूल और आंगनबाड़ी केन्द्रों पर नि:शुल्क खिलाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो बच्चे या किशोर कृमि नियंत्रण की दवाई (एल्बेंडाजॉल) खिलाने से छूट जाएंगे उन्हें मॉप अप दिवस 4 सितम्बर 2024 को खिलाई जाए। कलेक्टर ने बच्चों के अभिभावकों से अपील की है कि अपने 1 वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों को कृमि से मुक्ति के लिए अपने निकटतम आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं स्कूलों में कृमि नियंत्रण की दवाई एल्बेंडाजॉल अवश्य खिलाएं।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न ने बताया कि कृषि संक्रमण से बच्चों और किशोर-किशोरियों में कुपोषण और खून की कमी होती है, जिसके कारण बच्चों और किशोर-किशोरियों में हमेशा थकावट रहती है और संपूर्ण शारीरिक और मानसिक विकास नहीं होता। उन्होंने कहा कि बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए उन्हें कृमि नियंत्रण की दवाई (एल्बेंडाजॉल) जरूर खिलायें। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के तहत 29 अगस्त 2024 को जिले के 1 वर्ष से 19 वर्ष तक के 3 लाख 66 हजार 233 बच्चों और किशोर-किशोरियों को कृमि नियंत्रण की दवाई (एल्बेंडाजॉल) खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। आंगनबाड़ी केन्द्रों में 97 हजार 149, शासकीय स्कूलों में 1 लाख 51 हजार 512, निजी स्कूलों में 45 हजार 972 तथा 6 से 19 वर्ष के शाला त्यागी 71 हजार 600 बच्चों को कृमि नियंत्रण की दवाई (एल्बेडाजॉल) खिलाने का लक्ष्य है। 1 से 2 वर्ष के बच्चों को आधी गोली पीसकर एवं 2 वर्ष से 19 वर्ष के बच्चों को एक गोली (400 मिग्रा) चबाकर खिलाई जाएगी। एल्बेडाजॉल खिलाने से छूटे बच्चों को मॉप अप दिवस 4 सितम्बर 2024 को खिलाई जाएगी। कृमि संक्रमण की रोकथाम के लिए आवश्यक सावधानी अपनाने की आवश्यकता है। आसपास सफाई रखें। साफ पानी में फल व सब्जियों धोएं। हमेशा साफ पानी पिएं। खाने को ढक कर रखें। नाखून साफ और छोटे रखें। जूत-चप्पल पहने। अपने हाथ साबुन से धोएं, विशेषकर खाने से पहले और शौच जाने के बाद। हमेशा शौचालय का प्रयोग करें। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी श्री आयुष जैन, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर श्री खेमलाल वर्मा, एसडीएम राजनांदगांव श्री अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ श्री मनोज मरकाम, एसडीएम डोंगरगांव श्री श्रीकांत कोर्राम सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा हेमू कॉलोनी चौक में होगा ध्वजारोहण

राजनंदगांव (नांदगांव टाईम्स)। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में वीर शहीद हेमू कालानी की स्मृतियों को याद करते हुए सभी वीर शहीदों को नमन करते हुए स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा इस वर्ष भी हेमू कालानी चौक पर प्रात: 9:30 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा । राष्ट्रगान के पश्चात समाज के नन्हे बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुति भी होगी। पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष मनुमल मोटलानी ने बताया कि ध्वजारोहण में मुख्य रूप से वरिष्ठ सलाहकार अर्जुनदास पंजवानी, आवतराम तेजवानी, घनश्यामदास गंगवानी एवं बक्साराम अंदानी तथा झूलेलाल पंचायत के अध्यक्ष ब्रह्मानंद बजाज विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। पूज्य सिंधी पंचायत के महासचिव अमर लालवानी एवम मीडिया प्रभारी अर्जुन गंगवानी ने समाज के आधिकारिक लोगों से उपस्थित का आह्वान किया है।

## नीरज विद्या मंदिर में तुलसी जयंती

**डोंगरगांव (नांदगांव टाईम्स)।** नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था नीरज विद्या मंदिर में गोस्वामी तुलसीदास जयंती पूरी गरिमा के साथ मनाई गई। नियमित प्रार्थना सभा के दौरान विद्यार्थियों ने दोहों एवं चैपाईयों का सस्वर गायन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था की एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी ने कहा कि तुलसी के राम जन-जन के राम हैं और उनके चरित्र को अंगीकार कर हम श्रेष्ठ जीवन जी सकते हैं। साथ ही उन्होंने तुलसीदास जी के प्रमुख दोहों का सस्वर गायन किया और तुलसी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। संस्था प्राचार्या सुश्री अंजुम जहान ने गोस्वामी तुलसीदास के जीवनवृत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गोसाई जी ने मानव समाज को 'रामचरितमानस' महाकाव्य के माध्यम से भक्ति का वरदान दिया है। उनकी रचना कालजयी है और प्रत्येक युग में उसे लोग शिरोधार्य करते रहेंगे। संगीत शिक्षक द्वय श्री शरद मेश्राम एवं डोमश्वर सिन्हा के मार्गदर्शन में ईशिका साहू एवं आद्या जैन ने 'श्री रामचंद्रकृपालु भजमन' और 'सूरज की गरमी से जलते हुए मन को' जैसे भक्ति गीतों की प्रस्तुति से वातावरण को भावपूर्ण बना दिया। कक्षा नवमीं की छात्रा आयुषी श्रीवास्तव ने गोस्वामी तुलसीदासजी और उनकी अमर रचना रामचरितमानस पर प्रभावी विचार रखे। जयंती समारोह के परिप्रेक्ष्य में कक्षा 1 से 3 तक दोहा लेखन, कक्षा 4 से 5 तक दोहावाचन, कक्षा 6 से 8 तक निबंध स्पर्धा एवं कक्षा 9 से 12 तक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ अपनी सहभागिता दर्ज कराई। प्रार्थना सभा का प्रसंगानुरूप संचालन डॉ लोकेश शर्मा ने किया। पूरे आयोजन में हिन्दी विभाग की श्रीमती सरिता साहू, श्रीमती रेखा निषाद, श्रीमती चित्ररेखा धनकर एवं श्रीमती नंदनी साहू मैम की सक्रिय भूमिका रही। इस अवसर पर शाला प्रबंधन के सम्मानित पदाधिकारी, शिक्षकगण एवं विद्यार्थी विशेष रूप से उपस्थित थे। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में शिक्षक श्री घनश्याम तिवारी ने दी।



# बेटा बेटी परिचय सम्मेलन में रिश्ते हुए तय

## प्रदेश अध्यक्ष से 36 केक कटवाए, धोबी समाज के संगठन का विस्तार

**डोंगरगांव (नांदगांव टाईम्स)।** धोबी समाज का विवाह योग्य बेटा बेटी परिचय सम्मेलन राजधानी के नातिन धोबिन दाई परिसर मे धोबी समाज के संरक्षक कंगालु राम बरेठ के मुख्य आतिथ्य, प्रदेश संगठन मंत्री नकुल निर्मलकर के अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमें विवाह योग्य बेटा बेटी ने भारी संख्या में परिचय दिए, जिसमें अभिभावक के उपस्थित होने कारण दो रिश्ते मंच पर ही तय हो गए। इस अवसर पर समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने बताया है कि समाज के लोगों ने अपने प्रदेश अध्यक्ष का आत्मीय अभिनंदन किया। इस अवसर पर समाज के प्रदेश अध्यक्ष ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए बेहिचक पैतृक व्यवसाय को अपनाने का आह्वान किया, उन्होंने जोर दे करके कहा- पढ़ाई लिखाई विद्या बहुत कुछ है लेकिन आत्मनिर्भर होना भी जरूरी है, सभी को शासकीय सेवा में कार्य करने का मौका नहीं मिल सकता, आधुनिकता के दौर पर ड्रायक्लीन व्यवसाय का चलन बढ़ चुका है, अगर हम प्रशिक्षित होकर संचालन करें तो निश्चित रूप से हमारी आय में वृद्धि होगी। परिचय देने के लिए बेटों से आगे बेटियां थी। इस सम्मेलन में प्रमुख रूप से बिलासपुर जिला के संरक्षक भागबली निर्मलकर, मंदिर हसौद के संरक्षक धरम लाल निर्मलकर, अध्यक्ष लीलू निर्मलकर, रायगढ़ जिला के अध्यक्ष अवधेश कुमार सोन, बिलासपुर जिले के अध्यक्ष प्रभात सोनछत्र, युवा कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष अंबे बाघमार, महानगर अध्यक्ष वरुण निर्मलकर, दुर्ग जिला अध्यक्ष गोपाल निर्मलकर, राजनांदगांव जिला अध्यक्ष चैतराम निर्मलकर, महासचिव विष्णु निर्मलकर, जांजगीर जिला अध्यक्ष ललित बरेठ, बालोद जिला गुरु राज अध्यक्ष जगजीवन निर्मलकर, धमतरी जिला संगठन प्रभारी कार्तिक राम निर्मलकर, प्रदेश महासचिव गणेश निर्मलकर, संगठन मंत्री महावीर कर्ष, बिलासपुर के अध्यक्ष दिनेश निर्मलकर, कूंरा राज धरसीवां परक्षेत्र के अध्यक्ष मंसाराम निर्मलकर, सचिन हरिश्चंद्र निर्मलकर, प्रवक्ता भोजराम निर्मलकर, लखन लाल निर्मलकर, बोधीराम निर्मलकर, पप्पू चौधरी, संतोष निर्णेजक, कवर्धा जिला के अध्यक्ष हिमेश निर्मलकर, करण निर्मलकर के अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में आदिवासी समाज के अध्यक्ष सुरेश नेताम, देवागन समाज के अध्यक्ष चोवा राम देवांगन, कुर्मी समाज के युवा महासचिव गोपाल वर्मा सहित अनेक समाज के मुखिया उपस्थित होकर प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर को बधाई दी और समाज को इसी तरह आगे बढ़ाने का आशीर्वचन दिया। सम्मेलन का संचालन महिला विंग के प्रदेश संगठन मंत्री पंच देवी निर्मलकर, मंदिर हसौद क्षेत्र के संगठन मंत्री अमरूराम निर्मलकर, रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष वीरेंद्र कर्ष रहे थे, आभार प्रदर्शन रायपुर जिला के अध्यक्ष जगमोहन निर्मलकर ने किया। इस अवसर पर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान भी किया गया तथा सक्रिय पदाधिकारी का भी सम्मान किया गया।



## महापौर एवं निगम पदाधिकारियों ने दी स्वतंत्रता दिवस की बधाई

**राजनांदगांव (नांदगांव टाईम्स)।** महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख एवं निगम पदाधिकारियों ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए नागरिकों के जीवन में समृद्धि व खुशहाली की कामना की है। अपने शुभकामना संदेश में श्रीमती देशमुख ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस का पर्व हमे राष्ट्रीय एकता और अखंडता से जुडने् की प्रेरणा देता है। हमारे महान राष्ट्र नायकों ने अपने बलिदान से हमें आजादी दिलाई। इस आजादी को कायम रखने हम अपना योगदान राष्ट्र के निर्माण में दे और स्वतंत्रता दिवस को यादगार बनाये। राष्ट्र प्रेम की भावना जन जन में जागृत करने हर घर तिरंगा लगाने एक सप्ताह से कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों बच्चों में आजादी का महत्व बताना, उनमें देश प्रेम की भावना जगाना है और इसके लिये हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। हम सबकों इस अभियान से जुडकर देश की आजादी के लिये अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले वीर शहीदों की याद में अपने घरों में तिरंगा लगाना है। उन्होंने कहा कि यह स्वतंत्रता दिवस निगम पदाधिकारियों का जनसेवा की संकल्प यात्रा में महत्वपूर्ण पड़ाव है और जन विश्वास की पूंजी से ही हम इस नगर के विकास का रास्ता तय करेंगे। निगम अध्यक्ष श्री हरिनारायण पप्पू धकेता,निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता, नेताप्रतिपक्ष श्री किशुन यदु, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री मधुकर बंजारी, सतीश मसीह, संतोष पिल्ले, भागचंद साहू, विनय झा, श्रीमती दुलारी बाई साहू,गणेश पवार, राजा तिवारी, श्रीमती बैना बाई टुरहाटे, राजेश गुप्ता चम्पू, वरिष्ठ सभापति श्री अब्दुल समद खान, कनिष्ट सभापति श्री गामेन्द्र नेताम, अपील समिति के सदस्यों श्रीमती शकीला बेगम, श्रीमती मधु बैद, श्री ॠषि शास्त्री, जिला योजना समिति के सदस्य श्री सिद्धार्थ डोंगरे व श्री अमीन हुड्डा एवं पार्षदों ने स्वतंत्रता दिवस पर नागरिकों को शुभकामनाएं देते हुए, हर घर तिरंगा लगाने अपील करते हुये इस पर्व को अपूर्व उमंग-उल्लास-उत्साह के साथ मनाने की अपील की है।

# शिवसैनिकों ने हिन्दू राष्ट्र की मांग एवं धर्मान्तरण के खिलाफ किया प्रदर्शन कर आतंकियों का पुतला फूंका

### मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन को सौंपा ज्ञापन

**राजनांदगाँव (नांदगांव टाईम्स)।** शिवसेना जिला प्रमुख कमल सोनी ने बताया कि आज 13 अगस्त को खैरागढ़ में शिवसेना प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार जी की उपस्थिति में हिन्दू राष्ट्र की मांग एवं धर्मान्तरण सहित अन्य हिंदुत्व की मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया और बंगलादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्यचार और मंदिरो में हो रही तोड़-फोड़ की कड़े शब्दों में निंदा करते हुवे आतंकियों का पुतला फूंका जिसके बाद मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के नाम ज्ञापन सौंपा गया। श्री सोनी ने कहा कि शिवसेना प्रदेश प्रमुख श्री धनंजय सिंह परिहार के नेतृत्व में आज जिला मुख्यालय खैरागढ़ में बड़ी संख्या में शिवसैनिकों ने धरना स्थल में 12:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक धरना प्रदर्शन किया और आतंकियों का पुतला दहन के बाद ज्ञापन सौंपा गया। मांगपत्र में कहा गया - देश को हिन्दू राष्ट्र घोषित की जाये / देश में समान नागरिक संहिता (यू.सी.सी.) लागु किया जाये / देश में नागरिक संशोधन अधिनियम 2019 (सी.ए.ए.) को पूरे देश में लागू किया जाये / जनसंख्या नियंत्रण हेतु दो बच्चों से उपर होने से उस परिवार का स्वास्थ्य, स्कूल, राशन, गैस आदि में उनको सरकारी लाभ न दिया जाये,इस आशय का कानून पारित किया जाये / देश में हो रहे धर्मान्तरण को तत्काल प्रभाव से रोका जाये, धर्मान्तरण प्रदेश के आदिवासी क्षेत्रों के साथ-साथ प्रदेश के प्रमुख शहरी जिलों में भी धर्मान्तरण काफी बड़े स्तर पर किया जा रहा है उसे तत्काल रोका जाए / प्रदेश में रोहिंग्या मुसलमानों का घुसपैठ लगातार जारी है, उसे तत्काल रोका जाए / प्रदेश के सभी धार्मिक स्थल चाहे वह मस्जिद हो या मंदिर हो या अन्य धार्मिक स्थल हो जहां ध्वनि यंत्र का उपयोग किया जाता है, उस ध्वनि यंत्र की मानक क्षमता सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार तय किया जाये। साथ ही धार्मिक स्थल किसी भी धर्म का हो उसका दुरुपयोग देश की एकता एवं अखंडता के विरुद्ध होने पर उक्त स्थल की तालाबंदी के साथ राजसात किया जाये। इस आशय का कानून पास किया जाये / प्रदेश में हो रहे गौ तस्करी को पूरी तरह से बंद किया जाये व गौ हत्या करने वालों के उपर 302 का मुकदमा दर्ज किया जाए। धरना में प्रमुख रूप से किसान सेना प्रदेश अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव, प्रदेश महासचिव रेशम जांगड़े, कामगार सेना के सचिव राधारमन पांडे, प्रदेश संगठन महामंत्री राजेश ठावरे, राजनांदगाँव जिलाध्यक्ष कमल सोनी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिलाध्यक्ष राम ठाकुर, युवा सेना राजनांदगाँव जिलाध्यक्ष विक्की सेन, नरेंद्र सेन,पंकज साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन व पुतला दहन कार्यक्रम में भाग लिया।



## धर्म समाचार....

# 800 साल पुराने शिवलिंग के दर्शन को पहुंच रहे श्रद्धालु... एक ही पत्थर पर निर्मित है शिवलिंग और जलाधारी

प्राचीन और अनूठा शिव मंदिर मध्?य प्रदेश के खरगोन जिले में है। यहां पूजा-अर्चना के लिए वर्षभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। यहां लौह धातु की भारी भरकम प्?लेटें भी रखी हुई हैं। इनकी भी पूजा की जाती है। श्रावण महीने में मंदिर से कावड़ यात्रा भी निकाली जाती है। श्रावण माह में भगवान शिव की भक्ति और पूजन का एक विशेष महत्व है। इस महीने में शिव भक्त भगवान की भक्ति के लिए विशेष महत्व रखने वाले शिवलिंग का दर्शन कर धर्मलाभ कमाते हैं। इसी कड़ी में जिले के ग्राम बन्हेर में 800 साल पुराने भगवान भोलेनाथ का शिवलिंग और माता पार्वती के हस्तकमल यानी जलाधारी का निर्माण एक ही पत्थर पर है। इसे दो भागों में नहीं बनाया गया है। जमीन के अंदर करीब 10 फीट खुदाई करने के बाद भी शिवलिंग निर्मित पत्थर की गहराई का पता नहीं चल सका। ससे यह शिवलिंग दूसरे स्थान पर प्रतिस्थापित नहीं हो पाया। वहीं बदलते समय के अनुसार गांव में ग्रामीणों की संख्या बढ़ी। इसके बाद लोगों द्वारा इस स्थान की साफसफाई करके खुले में स्थापित शिवलिंग की पूजा अर्चना करना आरंभ किया गया। वर्ष 2009 में स्थानीय हरिओम मित्र मंडल द्वारा सार्वजनिक दान राशि से भव्य शिवालय का निर्माण करा दिया गया है। मंदिर निर्माण के अवसर पर यहां पधारे नन्हेश्वर धाम के संत हरिओम बाबा द्वारा शिवलिंग के दर्शन करके अनुमानित 800 साल पुराना शिवलिंग होने की बात कही गई थी। नवनिर्मित शिवालय का नामकरण ओंकारेश्वर कोठी स्थित एक रोटी आश्रम के संत श्री श?िवोहम भारती द्वारा गांव बन्हेर के नाम पर आधारित बनेश्वर महादेव मंदिर किया गया है।



**वर्ष भर आते हैं श्रद्धालु-** पूरे साल श्रद्धालु बड़ी संख्या में प्राचीन शिवलिंग के दर्शन करने यहां आते हैं। हर वर्ष श्रावण महीने में यहां से कावड़ यात्रा भी निकलती है। यहां के अति प्राचीन शिवालय में प्रति वर्षानुसार इस बार भी पूरे श्रावण मास में प्रतिदिन शिवलिंग का विभिन्न स्वरूपों में आकर्षक एवं मनमोहक श्रृंगार किया जा रहा है। प्रतिदिन यह नव श्रृंगार सपना यादव, अमरावती रावत और उनकी महिला मंडली द्वारा किया जाता है। स्थानीय 70 वर्षीय बुजुर्ग तोताराम यादव ने बताया कि करीब 50 साल पहले उन्हें लौह धातु की भारी भरकम आठ बाय 10 साइज की तीन प्लेटें मंदिर क्षेत्र में गड़ी हुई मिली थी। तीनों प्लेटों पर आगे पीछे अनजान भाषा कुछ लिखा हुआ है। साथ ही तीनों प्लेटें एक अजीब से कड़े (ताले) में पिरोई हुई हैं। तब से घर पर पूजा स्थल पर रखी प्लेटों की महिलाएं रोज पूजा करती हैं। उन प्लेटों में किसके संबंध में क्या लिखा है। उन्हें कुछ नहीं मालूम है। हरिओम मित्र मंडल के संस्थापक संजू बाबा ने बताया कि मंदिर निर्माण के पहले इस स्थान पर शिवलिंग के अलावा नंदी महाराज और अन्य देवी देवताओं की मूर्तियां भी थीं, लेकिन अर्धक्षतिग्रस्त थी। मंदिर निर्माण के समय शिवलिंग व नंदी महाराज की मूर्तियों पर रेत और सीमेंट से मरम्मत करवाई गई थी।

## रक्षाबंधन की थाली सजा रही हैं तो इन चीजों को करें शामिल, जरूर रखें नारियल

हिंदू धर्म में हर एक त्योहार को बेहद ही खास और धूमधाम तरीके से सेलिब्रेट किया जाता है। इन्हीं में से एक रक्षाबंधन माना जाता है। इस दिन बहन अपने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांध कर उसके मस्तक पर टीका लगाकर आरती करती है। रक्षाबंधन की थाली तैयार करते समय कुछ बातों का जरूर ध्यान रखें। हर साल रक्षाबंधन का त्योहार बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक माना जाता है। इस बार रक्षाबंधन पर्व 19 अगस्त सोमवार को मनाया जाएगा। इस बार भद्रा के कारण राखी इस दिन दोपहर 1.30 के बाद ही बांधी जा सकेगी। रक्षाबंधन के दिन बहनें अपने भाइयों को राखी बांधती हैं और उसके मंगल भविष्य की कामना करती हैं। वहीं, भाई भी अपनी बहनों को रक्षा करने का वचन देते हैं और कुछ न कुछ उपहार भी देते हैं। रक्षाबंधन के दिन भाई को राखी बांधने से पहले थाली सजाई जाती है। इस थाली में क्या-क्या रखा जाना चाहिए, इस बारे में हम आपको बताने जा रहे हैं। बहनें रक्षाबंधन की थाली सजाती हैं, जिसमें राखी बांधने के लिए आवश्यक सभी सामान होते हैं। अक्सर बहनें राखी की थाली में जरूरी सामान रखना भूल जाती हैं और बाद में राखी बांधते समय उनकी जरूरत महसूस होती है। इसलिए राखी की थाली पहले से ही सजा लेना चाहिए और सभी जरूरी सामान थाली में रख लेना चाहिए। रक्षाबंधन के अवसर पर राखी बांधते समय बहन भाई के माथे पर तिलक लगाती है। हिंदू धर्म के अनुसार, किसी भी शुभ कार्य में तिलक लगाना जरूरी होता है। इसलिए रक्षाबंधन की थाली में कुमकुम या रोली जरूर रखें, ताकि आप उससे भाई को तिलक कर सकें। अक्षत का अर्थ है कच्चा सफेद चावल। अक्षत को शुभ माना जाता है। किसी भी पूजा में अक्षत अवश्य शामिल करना चाहिए। तिलक के बाद भाई के माथे पर अक्षत लगाया जाता है। थाली में चावल के कुछ दाने या अक्षत रखें।



- क्रिकेट किट
- फुटबाॅल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोट्‌र्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बेडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# स्वतंत्रता दिवस समारोह का शौर्य परेड मैदान पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में किया गया अंतिम रिहर्सल







## अपर कलेक्टर ने निभाया मुख्य अतिथि का दायित्व

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाईम्स )।** जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का रिहर्सल आज सुबह 9 बजे शौर्य परेड मैदान पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय राजनांदगांव में किया गया। अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर ने रिहर्सल में मुख्य अतिथि का दायित्व निभाया। अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर आईजी श्री दीपक झा, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग उपस्थित थे। रिहर्सल के दौरान ध्वजारोहण कर गार्ड आफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत आईजी श्री दीपक झा ने सभी को तिरंगा शपथ दिलाई। सभी अधिकारियों ने हर घर तिरंगा सेल्फी पांईट में फोटो खिंचवाई। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने अंतिम रिहर्सल कर व्यवस्था का जायजा लिया।कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने तैयारियों का जायजा लेते हुए अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने समारोह स्थल में बैठक व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था आदि के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से वीआईपी बैठक व्यवस्था के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों, शहीद जवानों के परिजनों, पत्रकारों एवं जनसामान्य के लिए भी बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने समारोह स्थल की साज-सज्जा एवं सफाई व्यवस्था भी सुनिश्चित करने को कहा। रिहर्सल के दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा देश भक्ति गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी गई। रिहर्सल के दौरान स्वतंत्रता दिवस समारोह के परेड का नेतृत्व परेड कंमाडर उप पुलिस अधीक्षक श्री नवीन कुमार एक्का ने किया। निरीक्षक श्री अरूण कुमार नामदेव ने परेड टू-आई-सी का दायित्व निभाया। परेड में 13 प्लाटून भाग ले रहे हैं। परेड में 38वीं वाहिनी आईटीबीपी, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल 8वीं बटालियन राजनांदगांव, पीटीएस बल पुरूष राजनांदगांव, जिला पुलिस बल पुरूष, नगर सेना, जिला पुलिस बल महिला, एनसीसी दिग्विजय कॉलेज राजनांदगांव, एनसीसी कमला कॉलेज राजनांदगांव, एनसीसी बालक स्टेट स्कूल एवं एनसीसी बालक म्यूनिसिपल स्कूल, एनसीसी बालिका स्टेट स्कूल एवं एनसीसी बालिका म्यूनिसिपल स्कूल, एनसीसी डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र बसंतपुर स्कूल, स्काउट-गाईड महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल शामिल हुए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीएल



मारकण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता, एसडीएम राजनांदगांव श्री अतुल विश्वकर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्री खेमलाल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती सरस्वती बंजारे, डिप्टी कलेक्टर श्री हितेश्वरी बाघे सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## राव भट्ट सामाजिक संगठन की मजबूती के लिए पदाधिकारियो का किया चयन

**राजनादगांव ( नांदगांव टाईम्स )।** छतीसगढ़ राज्य राव भट्ट समाज, बिलासपुर सम्भाग के जिला बिलासपुर में राव भट्ट समाज की बैठक



मे जिला पदाधिकारियों का किया चयन, समाज संगठन को मजबूत करने के लिए तैयार राव भट्ट समाज, सामाजिक भवन पर चर्चा, और अन्य विषयो पर भी बातचीत हुई।उपस्थित समाज बंधुओं मे श्रवण कुमार जी ने बताया कि, बिलासपुर संभाग के संगठन मंत्री सूरज राघव जी को चुना गया,मिटिंग उपस्थित सामाजिक बंधु, तेजराम राव जी, भूत पुर्व अध्यक्ष बालोद , छवि राम राव राष्ट्रीय सचिव रायपुर खूबलाल भट्ट जी अध्यक्ष बालोद,मनोज भट्ट रायपुर , लोकेश भट्ट बालोद ,संतोष भट्ट अध्यक्ष बेमेतरा, खेमलाल भट्ट, गणेश भट्ट, संजय भट्ट, संतोष भट्ट, जगदीश भट्ट, लक्ष्मी कांत भट्ट, लक्ष्मी नारायण भट्ट, पवन भट्ट, रवि राव, चंद्रभान, रजनी कांत, और भी अलग अलग जिले से पधारे सामाजिक बंधु मौजूद रहे।

## गोलू सूर्यवंशी म्यूनिस्पल स्कूल के अध्यक्ष बने

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाईम्स )।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री गोलू सूर्यवंशी को सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम



स्कूल जो शहर की प्रतिष्ठित संस्थानों में शुमार है मे शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, अटल नगर नवा रायपुर एवं जिले के प्रभारी मंत्री, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी ने उपरोक्त नियुक्ति की है। श्री सूर्यवंशी को उनकी इस नियुक्ति पर आज जिला भाजपा कार्यालय में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं ने बधाईयॉ दी है तथा मिठाई भी वितरित की गई।

## महापौर करेगे निगम में ध्वजारोहण

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाईम्स )।** 15 अगस्त गुरूवार को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर निगम में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह



में महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख द्वारा प्रात: 7:30 बजे नगर निगम केन्द्रीय कार्यालय टाऊन हाल में ध्वजारोहण किया जायेगा। निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने निगम अध्यक्ष सहित महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यों,सभी पार्षदों,गणमान्य नागरिकों,पत्रकार बंधुओं व अधिकरियों व कर्मचारियों से समारोह में उपस्थिति की अपील की है।

# 120 फीट शिवलिंग का क्रेन के सहारे होगा अभिषेक, पंडितो द्वारा किया जायेगा मंत्रोच्चार

### आयोजन का दूसरा वर्ष

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाईम्स )।** सावन माह में शिव भक्ति का माहौल है। संस्कारधानी में भगवान शिव जी का महाभिषेक पानी और दूध से होगा। 16 अगस्त को महाभिषेक होगा। 120 फीट ऊंची प्रसिद्ध मंदिर मां पाताल भैरवी मंदिर में मंत्रोच्चार के बीच महाभिषेक होगा। *इसमें विशाल लोटे को क्रेन (महालक्ष्मी ट्रेडर्स भिलाई) के माध्यम से मंदिर के ऊपर ले जाकर यह आयोजन किया जाएगा।* इस अवसर पर शहर के शिव भक्तों द्वारा आयोजित इस ऐतिहासिक कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर अंतिम रूप दिया जा चुका है। इस संबंध में आयोजन समिति के तथागत पांडेय ने बताया कि बर्फानी सेवाश्रम समिति के भव्य मां पाताल भैरवी मंदिर में यह आयोजन किया जाना है जिसकी व्यापक तैयारियां की गई है।

**होगी पुष्प वर्षा**

श्री पांडेय ने बताया कि भक्तिमय माहोल में बर्फानी आश्रम के पंडितों द्वारा निरंतर मंत्रोच्चारण किया जाएगा। इस पूरे आयोजन को लेकर आयोजन समिति को मंदिर समिति ने सहमति भी प्रदान कर दी है।



**टैंकरों से पहुंचेगा पानी**

कार्यक्रम के लिए लगभग 6 हजार लीटर दूध एवं पानी की व्यवस्था टैंकरों के माध्यम से की जाएगी। भगवान शिव को अर्पित जल एवं दूध को एकत्र कर शिवनाथ नदी में विसर्जित किया जाएगा।

**लेजर शो एवम आर वी एस डीजे का होगा भव्य कार्यक्रम**

प्रदेश के सुप्रसिद्ध डी जे संचालक रितेश शर्मा (आर वी एस डीजे) द्वारा साउड सिस्टम से लैस रहेगा यह आयोजन एवम श्याम वर्मा (श्याम लाइट) द्वारा भव्य लेजर शो भी देखने को मिलेगा।

ज्ञात हो कि अचल सहित देशभर में पहचान बना चुकी मंदिर की ऊंचाई लगभग 120 फीट है, जो विशाल शिवलिंग के रूप में है। मंदिर की गोलाई लगभग 116 फीट है। मंदिर के गर्भगृह में काली स्वरूपनी मा पाताल भैरवी की प्रतिभा है। प्रथम तल में राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दस महाविद्या एवं द्वितीय तल में ज्योर्तिलिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ की स्थापना की गई है। इस विशाल मंदिर में 16 अगस्त को दोपहर 5 बजे ऐतिहासिक रूप से भगवान शिव का अभिषेक किया जाएगा। इस अनूठी आयोजन के लिए विशाल लोटा बनाया गया है,* जिसे 500 फीट ऊंची क्रेन महालक्ष्मी ट्रेडर्स भिलाई द्वारा क्रेन के माध्यम से मंदिर के ऊपर ले जाया जाएगा और प्रतिकात्मक रुद्राभिषेक किया जाएगा। आयोजक तथागत पाण्डे ने समस्त भक्तजनों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अद्भूत दृश्य का लाभ उठाए।

# मोरकुटुम्ब संकुल में हुआ पालक-शिक्षक मेगा बैठक

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाईम्स )।** संकुल केंद्र मोरकुटुम्ब में शासन के आदेशानुसार पालक-शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संकुल केंद्र आश्रित शालाओं मोरकुटुम्ब, भेजराटोला, बजरंगपुर तथा पैरीटोला के शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, सदस्य पालक व शिक्षक उपस्थित हुए। संकुल प्रभारी व समन्वयकद्वय के मार्गदर्शन व इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हृदय राम यादव सेवानिवृत्त प्रधानपाठक की उपस्थिति में बैठक की 12 बिंदुओं पर विस्तृत रूप से चर्चा में पालक व शिक्षकों ने भाग लेकर इस पर कार्य करने की बातें की। इन बिंदुओं में मेरा कोना, छात्र दिनचर्या, बच्चों ने क्या सीखा,



बच्चा बोलेगा बेझिझक, अकादमिक प्रगति, पुस्तक की उपलब्धता, बस्ता रहित शनिवार, स्वास्थ्य परीक्षण पोषण, आय-जाति-निवास, न्यौता भोज, विभागीय योजना तथा विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म की चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में संकुल प्रभारी प्रदीप वर्मा, समन्वयक मूलचंद साहू, शाला प्रबंधन समिति के धनवाराम पडोती, सुरेश शोरी, चंद्रिका साहू, दयाराम साहू, राजकुमार साहू, बसंत उइके, भीमबली बम्बर, पल्टूराम पडोती, देवकुमारी, प्रधानपाठकगण हीरालाल साहू, जीवराखन उइके, चेतन साहू, हेमलाल सहारे, जनक साहू, हुमन चंद्रवंशी, हुमन पिस्दा, दिलीप कोमरे, कृष्ण कुमार पाल, संतोष चतुर्वेदी, संतोष जैन व बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित रहे।

## हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत निकली बाईक रैली

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाईम्स )।** डोंगरगाँव से जंगलपुर तक विभिन्न ग्रामों में हर घर तिरंगा अभियान के तहत गांव गांव स्वागत



किया गया केन्द्र एवं राज्य शासन के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत नगर से भव्य बाईक रैली निकाली गई. यह रैली नगर के कृषि उपज मंडी प्रांगण से प्रारंभ होकर ग्राम जंगलपुर में शहीद पूर्णानंद साहू के स्मारक पर पहुंचकर विसर्जित हुई. इस दौरान नगर सहित रास्ते में आने वाले विभिन्न ग्रामों में शैक्षणिक संस्थाओं के विद्यार्थियों और ग्रामवासियों ने रैली का स्वागत किया. इस बाईक रैली का नेतृत्व दिनेश गांधी कर रहे थे, वहीं इस भव्य रैली में एसडीएम श्रीकांत कोराम तहसीलदार प्यारेलाल नाग, सीएमओ दादू सिंह पाल, भाजपा के मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शहर के नागरिक शामिल थे।

# फौजी तिवारी का उमरवाही के ग्रामीणों ने की स्वागत

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाईम्स )।** शेषनारायण तिवारी अपने सेवानिवृत्ति के पश्चात अपने पैतृक ग्राम उमरवाही पहुंचे जहां उनका स्वागत भव्य एवं ऐतिहासिक हुआ,गांव में बस स्टैंड चौक से ग्राउंड बैंड बाजा धूमाल से कार्यक्रम स्थल तक भव्य रोड शो निकाली गई जहा पर ग्रामीणों ने फूलो से स्वागत किया जिसमे स्थानीय प्रशासन सहित स्कूल के बच्चे और ग्रामीण मौजूद रहे।श्री तिवारी गांव पहुंचते ही प्रवेशालय विद्युत केंद्र के पास मातृ भूमि को प्रणाम किया वे गांधी चौक आ कर महात्मा गांधी के प्रतिमा में माल्यार्पण कर फूलो से स्वागत किया इसके बाद वे अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण की तत्पश्चात वे कार्यक्रम स्थल आए यहां उनका ग्रामीणों ने फूल और गुलाल से सराबोर स्वागत किया, यथा



सामर्थ ग्रामीणों ने सप्रेम भेंट उपरहार स्वरूप प्रदान किया।उक्त कार्यक्रम में हायर सेकंडरी स्कूल के ,मिडिल स्कूल, प्राथमिक शाला के बच्चो ने देश भक्ति रंग में रंग कर सांस्कृतिक कार्यक्रम किया। कार्यक्रम के समापन के बाद उमरवाही वन परिक्षेत्र के अधिकारियों ने एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम की झलक दिखाते हुए वृक्षारोपण श्री तिवारी के कर कमलों से कराया। श्री तिवारी ने उक्त कार्यक्रम में अपना उद्बोधन दिया उन्होंने कहा कि हम फौजी देश की सेवा बंदूक ले कर करते है वही एक शिक्षक भी देश की सेवा करता वो पेन लेकर सेवा करते है, किसान हल ले कर देश की सेवा करते है ऐसे सब अपने देश की सेवा करते है।वैसे ही बच्चे भी आगे चलकर इस देश की सेवा करेंगे। तिवारी ने आम जन से अपने उद्बोधन में कहा कि हम खून बहाते है आप पसीना बहाते है इस लिए आज देश सुरक्षित है। तिवारी ने अग्निवीर योजना का जिक्र करते हुए कहा कि हर घर से एक सेना का जवान निकले ताकि भारत उत्तरोत्तर प्रगति करे और बांग्लादेश जैसी हालत यहां किसी हाल में ना हो, उक्त कार्यक्रम में ग्राम पंचायत उमरवाही, पंचायत बरबसपुर, पंचायत भिमाटोला, परेवाडीह सेवा सहकारी समिति वन विभाग,सहित आंगनबाड़ी एवम शाला विकास समिति, जन भागीदारी समिति तथा ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com